# गर्मी शुरू होते ही पानी की किल्लत से लोग परेशान



**गर्मी का पानी व प्यास से गहरा रिश्ता है जो पानी की किल्लत होने पर परेशानी का सबब बनता है। गर्मी बढ़ेगी प्यास बढ़ेगी तो पानी की किल्लत बढ़ेगी जिससे परेशानी भी बढ़ेगी। अभी गर्मी की शरुआत में ही राजधानी के शास्त्री नगर भट्टा बस्ती में बने राजीव गांधी आवासीय योजना में रह रहे सैंकड़ों परिवारों को इस पानी की समस्या से झुझते हुए देखा जा सकता है। इन लोगो के यहाँ पानी के कनेक्शन नहीं होने से जरूरत का पानी लाने के लिए सामने की बस्ती से पानी लाना पड़ता है जिसके लिए बच्चे, महिला, पुरूष व वृद्ध महिलाओं को भी दूर से पानी लाना पड़ रहा है। गर्मी बढ़ेगी तो सामने वाली बस्ती में भी पानी की जरूरत बढ़ेगी और जब वहां ही पानी नही बचेगा तो उन पर निर्भर रहने वाले सैंकड़ों परिवार एक-एक बूंद को तरसेंगे।** फोटो : दिनेश भारद्वाज

# दो हिस्ट्रीशीटरों को गिरफ्तार कर जब्त किए 7 लाख के 43 मोबाइल

- **फोन चुरा कर अपराधियों को डिलीवरी देते थे**

**जयपुर।** एसएमएस थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 7 लाख रुपए के 43 मोबाइलों के साथ दो हिस्ट्रीशीटरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की प्रारम्भिक जांच में सामने आया कि दोनों बदमाश एसएमएस अस्पताल के आसपास के इलाकों में मोबाइल लूट की वारदात को अंजाम दिया करते थे। लूटे गए मोबाइलों को ये बदमाश अपराध करने वाले लोगों को बेचा करते थे। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि एसएमएस थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोबाइल लूट की वारदात करने वाले मोहम्मद अली और खालिद को गिरफ्तार किया और दोनों आरोपी जयपुर के रहने वाले हैं। गिरफ्तार दोनों ही आरोपित एसएमएस थाने के हिस्ट्रीशीटर भी हैं। आरोपियों के खिलाफ पहले भी कई मोबाइल लूट के मुकदमे दर्ज हैं। थानाधिकारी धमेन्द्र कुमार ने बताया कि 1 अप्रैल को दीपक कुमार ने एसएमएस थाने में मामला दर्ज करवाया था कि उसकी माताजी का इलाज एसएमएस अस्पताल में चल रहा है। वह एडवांस आईसीयू में भर्ती है। 28 मार्च को रात वह सोया और सुबह 4 बजे जब उठा तो देखा की मोबाइल गायब था। आसपास के लोगों से मोबाइल के बारे में पूछा तो किसी को भी जानकारी नहीं थी।

इसके बाद मोबाइल चोरी को लेकर में एसएमएस थाने में रिपोर्ट दी जिस पर पुलिस टीम ने पीड़ित की रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने घटना वाली जगह पर लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की। इसके बाद पुलिस टीम ने कुछ संदिग्धों को डिटेन कर पूछताछ की जिस पर आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार किया और लूटे और चोरी किए गए मोबाइल रिकवर हुए।

# बजट घोषणा के कार्यों की शत प्रतिशत पालना विभाग सुनिश्चित करें : जोराराम कुमावत

**जयपुर।** पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने बजट में स्वीकृत योजनाओं और कार्यों को शत प्रतिशत पूरा करने के अपने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश प्रदान किए हैं। उन्होंने कहा कि बजट में स्वीकृत कोई भी कार्य अधूरा नहीं रहना चाहिए इस बात को सभी विभाग सुनिश्चित करें और इसी के अनुरूप अपनी अपनी कार्य योजना बनाएं।

कुमावत बुधवार को पशुपालन विभाग की बजट समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मुख्य रूप से 2024-25 की बजट घोषणाओं की क्रियान्विति पर अधिकारियों से बात की और संतोष व्यक्त किया कि अधिकतर बजट घोषणाएं समय पर पूरी हो गई हैं और विभाग के पास कोई बिल लंबित नहीं है। मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना की जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि काम में गति आने लगी है।

पिछली बजट घोषणा की अनुपालना में गाय और भैंस के लक्ष्य से अधिक पंजीकरण हो गए जिसका लॉटरी निकाला जा चुका है। अब तक 42 हजार हेल्थ सर्टिफिकेट जारी हो चुके हैं और लगभग 2 हजार पशुओं का बीमा हो चुका है। मंत्री श्री कुमावत ने इस पर संतोष व्यक्त करते हुए बीमा के काम में और गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने शेष रह गए पंजीयन भी शीघ्र परा करने के निर्देश दिए।

वर्ष 2024-25 की बजट घोषणा में स्वीकृत संस्थाओं के भवन निर्माण की समीक्षा करते हुए श्री कुमावत ने जल्द भूमि के पट्टे प्राप्त कर इस कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए।

अधिकारियों ने उन्हें इस संबंध में प्रगति से अवगत कराया। नए संस्थानों में उपलब्ध कराए जाने वाले उपकरणों के संबंध में उन्होंने विभाग को निर्देश दिए कि इनकी गुणवत्ता पूर्णतः सुनिश्चित की जाए। क्वालिटी से किसी तरह का समझौता नहीं होना चाहिए।

मोबाइल वेटरिनरी यूनिट के प्रभावी संचालन पर चर्चा करते हुए श्री कुमावत ने कहा कि जिस उद्देश्य से इनकी शुरुआत की गई थी अभी वह उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा है।

कहीं डॉक्टर उपलब्ध नहीं होते तो कहीं दवाइयां और पशुओं को ऐसे में उचित ईलाज नहीं मिल पाता। उन्होंने संबंधित कंपनियों की सख्त मॉनिटरिंग करते हुए कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। टीकाकरण की व्यवस्था को भी और बेहतर तथा सुदृढ़ करने के निर्देश देते हुए मंत्री ने कहा कि इसमें किसी तरह की कोताही नही होनी चाहिए।

राज्य में आयोजित पशु मेलों की व्यवस्था पर असंतोष जाहिर करते हुए कुमावत ने कहा कि अभी मेलों में अव्यवस्था को लेकर पशुपालकों की शिकायतें आती हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए। मेले व्यवस्थित रूप से होने चाहिए।

# नारायण सिंह सर्किल से त्रिमूर्ति सर्किल तक अतिक्रमण मुक्त कराया

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-1 के क्षेत्राधिकार नारायण सिंह सर्किल से त्रिमूर्ति सर्किल तक रोड़ सीमा को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया कि जोन-01 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित नारायण सिंह सर्किल से त्रिमूर्ति सर्किल तक रोड़ सीमा पर अस्थाई रूप से कब्जा-अतिक्रमण कर लगाये गये थड़ी, ठेलें, त्रिपाल, होर्डिंग साईन बोर्ड, इत्यादि को नगर निगम के साथ सामूहिक अभियान के तहत आज जोन-1 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। नगर निगम के जाप्ते द्वारा सामान जप्त किया गया। उक्त कार्यवाही मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-द्वितीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-01 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई। महानिरीक्षक पुलिस, जविप्रा, जयपुर कैलाश चन्द्र बिश्नोई ने समस्त नागरिकों से अपील है कि प्रवर्तन संबंधित शिकायतों के संबंध में वे स्वंय उपस्थित होकर कन्ट्रोल रूम हेल्पलाईन नं. या राजस्थान सम्पर्क पोर्टल एवं जरिये अवैध निर्माण/ कब्जा/अतिक्रमण इत्यादि की शिकायत/परिवाद प्रस्तुत व सम्पर्क कर अवैध अतिक्रमणों के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान देवें।



**जयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से नारायण सिंह सर्किल से त्रिमूर्ति सर्किल तक रोड सीमा को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया।**

# तीन सूने मकानों से लाखों के नकदी-जेवर पार

**जयपुर।** जयपुर में चोरों ने तीन सूने मकान को निशाना बनाकर लाखों रुपए के जेवरात व नगदी ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

पुलिस के अनुसार हनुमान विहार मानसरोवर निवासी नीलम ने मुहाना थाने में मामला दर्ज करवाया कि वह 31 मार्च को परिवार के साथ बाहर गए थे पीछे से चोर मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे और अलमारी से सोने की अंगूठी, चांदी की पायजेब, चांदी के सिक्के, दो गुल्लक और 20 हजार रुपए की नगदी ले गए।

घटना का पता पीडिता तो परिवार के साथ वापस लौटने पर लगा। परिवार वापस लौटा तो मकान का ताला टूटा हुआ था और कमरों के साथ अलमारी का सामान बिखरा हुआ था। इस पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने साक्ष्य लेकर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस मामले में घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

दूसरी घटना में वाटिका रोड निवासी अशोक नामा ने सांगानेर सदर थाने में मामला दर्ज करवाया कि 31 मार्च को उसका परिवार अपने रिश्तेदार के यहां पर गया था पीछे से चोर मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे और 48000 रुपए और सोने चांदी के जेवरात ले गए।

घटना का पता पीडिता तो परिवार के साथ वापस लौटने पर लगा। परिवार वापस लौटा तो मकान का ताला टूटा हुआ था और कमरों के साथ अलमारी का सामान बिखरा हुआ था। इस पर पुलिस को सूचना दी। तीसरी घटना में बिचपड़ी निवासी लालचंद ने मामला दर्ज करवाया कि 23 मार्च को रिवार के साथ बाहर गए थे पीछे से चोर मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे और अलमारी से साढ़े 6 लाख रुपए और सोने-चांदी के जेवरात ले गए। घटना का पता पीडिता तो परिवार के साथ वापस लौटने पर लगा। परिवार वापस लौटा तो मकान का ताला टूटा हुआ था और कमरों के साथ अलमारी का सामान बिखरा हुआ था। इस पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने साक्ष्य लेकर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस मामले में घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

# भागवत कथा में श्रीकृष्ण लीलाओं की झांकी प्रस्तुत की

**जयपुर।** शहर के वैशाली स्थित गोविंद धाम पर चल रही परम पूज्य श्री श्री 1008 ईश्वरानंद ब्रह्मचारी उत्तम स्वामी महाराज के पावन मुखारविंद से भागवत कथा को श्रवण करने का भक्तगणों का उत्साह निरन्तर बढ़ता जा रहा है।

आज उत्तम स्वामी द्वारा कृष्ण जन्मोत्सव एवं बाल लीला पर प्रवचन इतने रोचक ढंग से सुनाएं की सभी श्रोतागण भाव विभोर होकर एकाग्रचित रूप से सुनते रहे और बीच-बीच में तालियां बजाते रहे और कुछ महिलाएं तो कथा के साथ चल रहे संगीत की धुन पर नृत्य करने से स्वयं को नहीं रोक पाईं और पांडाल में ही नृत्य करने लगी।

कथा के दौरान समय समय पर संगीतमय भजनों और संकीर्तन होते रहे जिससे कथा को और अधिक रोचक बना दिया। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने गुरुदेव के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। आज की कथा में देश और प्रदेश की जानी मानी हस्तियां जैसे अवधेशदास महाराज, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, महापौर जयपुर ग्रेटर सौम्या गुर्जर, पूर्व विधायक कोटा प्रहलाद गुंजल, भानु प्रताप सिंह, महेंद्र यादव, राजाराम आरएसएस, क्षेत्रीय प्रचार प्रमुख श्रीवर्धन, विजयानंद, मनोज सीकर, गजेंद्र सिंह आदि उपस्थित होकर कथा का आनन्द लिया। कल भागवत कथा में कन्या पूजन का कार्यक्रम रहेगा।



**भागवत कथा के साथ चल रहे संगीत की धुन पर नृत्य करने से कुछ महिलाएं स्वयं को नहीं रोक पाईं और पांडाल में ही नृत्य करने लगी।**

# तेज रफ्तार ट्रेक्टर-टैंकर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**जयपुर।** कालवाड़ थाना इलाके में बुधवार शाम एक तेज रफ्तार ट्रेक्टर-टैंकर ने बाइक को टक्कर मार दी। टैंकर के नीचे आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने ट्रेक्टर-टैंकर को जब्त कर थाने पर खड़ा करवा दिया है।

पुलिस के अनुसार शाम करीब साढ़े 6 बजे हाथोज बस स्टेण्ड पर एक तेज रफ्तार ट्रेक्टर-टैंकर ने बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार युवक टैंकर के नीचे आ गया। सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जांच अधिकारी एएसआई फूलाराम ने बताया कि मृतक की पहचान राजपूताना मोहल्ला वार्ड नम्बर 13 सीकर निवासी देवेंद्र सिंह पुत्र हरिसिंह के रुप में हुई है। देवेंद्र सिंह निवारू रोड पर रहता था और प्राइवेट काम करता था।

ट्रेक्टर-टैंकर को जब्त कर थाने पर खड़ा करवा दिया है। हादसे की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी है। परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

# जगतपुरा में घटिया रोड कट के विरोध में उतरे विधायक-पार्षद

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** जगतपुरा में पानी की लाइन डालने के बाद जेडीए रोड कट का जो काम करवा रहा है उसमें स्थानीय पार्षद और एमएलए घटिया बता कर विरोध कर रहे हैं। उधर जेडीए के इंजीनियर्स इसे सही बताने पर उतारू है, इसके लिए टेस्टिंग भी करवा कर सही होने का सर्टिफिकेट दे दिया।

बताया जा रहा है कि जगतपुरा कच्ची बस्ती में मिथिला विहार, अन्नु विहार में कच्ची बस्ती के आसपास के इलाकों में रोड कट रिपेयर का काम हो रहा है। इसमें बिटुमिन कंक्रीट की मात्रा जितनी होनी चाहिए वह नहीं है। इससे मौके पर सड़क उधड़ने लगी है। इसके बाद भी इंजीनियर्स सेम्पल लेकर लैब टेस्ट करा रहे हैं। बिटुमिन के साथ डामर की मात्रा भी मामूली है। इससे सड़क छह महीने भी नहीं चल पाएगी।

## छह महीने बाद कोई धणीधोरी नहीं

इस सड़क का छह महीने बाद कोई धणी धोरी नहीं होगा। ठेकेदार सिर्फ छह महीने जैसे-तैसे सड़क बना कर अपना करोड़ों का भुगतान उठा लेगा लेकिन उसके बाद सड़क टूटती है तो इसका कोई धणी धोरी नहीं होगा। स्थानीय पार्षद किशन ने बताया कि इससे अच्छा होता कि जेडीए सड़क ही नहीं बनाता।

## शिकायतों के बाद भी लगातार काम

पानी की लाइन डालने के बाद कई जगह रोड कट रिपेयर भी हो रहा है। इसमें डामर की मात्रा भी मामूली है और मोटाई भी बहुत कम है। यह सड़क छह महीने भी नहीं चल पाएगी। रोड कट रिपेयर का 8 करोड़ का काम पायोनियर प्लस फर्म कर रही है जिसकी पूर्व में भी कई जोन में घटिया काम की कई शिकायतें हैं। इसके बाद भी जेडीए के इंजीनियर्स इसी फर्म से काम कराते है। इस फर्म पर ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई की जानी चाहिए उसके बावजूद भी कार्रवाई नहीं हो रही है।

## एमएलए-पार्षद का विरोध भी काम नहीं आया

मौके पर घटिया काम होते देख स्थानीय पार्षद किशन ने इसका विरोध किया। उन्होंने मौके जेईएन और एईएन को बुला कर घटिया काम बंद करने को कहा। पार्षद का कहना था कि इससे तो बढ़िया है कि जेडीए सड़क ही नहीं बनाए क्योंकि सड़क बनाने के बाद यह छह महीने में ही टूट जाएगी। इसके बाद स्थानीय विधायक कैलाश वर्मा ने भी जेडीए के अधिकारियों को इंजीनियर्स की कार्यप्रणाली की शिकायत की। उनका कहना था कि सड़क निर्धारित मापदंडों के अनुसार बनाई जाए वर्ना काम बंद कर दिया जाए। घटिया काम करने से सड़क टूट जाएगी। एक बरसात भी यह सड़क नहीं चल पाएगी।

## रोक के बावजूद कट की जगह नई सड़क नहीं

जयपुर विकास प्राधिकरण ने रोड कट रिपेयर करने का काम बंद कर दिया था। इसकी जगह रोड का नवीनीकरण का काम शुरु कर दिया था। रोड कट रिपेयर के काम में सिर्फ छह महीने की डिफेक्ट लाइबलिटी होती है जिसके बाद अगर रोड टूटती है तो उसे ठीक करने की जिम्मेदारी ठेकेदार की नहीं होती। इसे नवीनीकरण करा कर ही ठीक किया जा सकता है। इससे ठेकेदारों को करोड़ों का फायदा और जेडीए को नुकसान होता है। इन सबके बावजूद हाल ही हुए जोन 9 और 11 में रोड कट रिपेयर के ही टेंडर दिए थे जिससे जेडीए को करीब 22 करोड़ का नुकसान होना तय है।

## इनका कहना है...

चैक कराएंगे। मुझे पार्षद और एमएलए के विरोध की कोई जानकारी नहीं है। अगर ऐसा है तो चैक कराते हैं।

**इरशाद अहमद, एक्सईएन जोन 9 जेडीए**

## किसी की नहीं सुनते

कुछ कालोनियों, मिथिला विहार, अन्नु विहार, जगतपुरा कच्ची बस्ती के आसपास जो रोड कट रिपेयर का काम हो रहा था वह बिलकुल घटिया था। मैंने इसकी शिकायत भी की थी। इसके बाद एमएलए कैलाश वर्मा ने भी जेडीए के अधिकारियों से सही काम कराने को कहा था। मौके पर जेईएन और एईएन आए थे और चैक करके गए थे।

**स्थानीय पार्षद, किशन**

# हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी देने वाले दो बदमाशों को धर-दबोचा

**जयपुर।** संजय सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी देने वाले दो बदमाशों को धर-दबोचा है और उनके पास से दो देसी कट्टे सहित दो जिंदा कारतूस बरामद किए है।

पुलिस जानकारी में सामने आया है कि गिरफ्तार शुदा आरोपियों में एक बदमाश शास्त्री नगर थाने का हिस्ट्रीशीटर मुन्ना तलवार गैंग का सदस्य रह चुका है। वहीं दूसरा बदमाश के खिलाफ आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज है और साथ ही एनडीपीएस एक्ट मामले में शास्त्री नगर थाने फरार चल रहा है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि संजय सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी देने वाले मोहम्मद शाहरुख निवासी शास्त्री नगर और मुस्तकीम उर्फ कालू निवासी झोटवाड़ा रोड जयपुर को गिरफ्तार किया है।

## सार-समाचार

### डॉ. रमेश गांधी कम्युनिकेशन वर्किंग ग्रुप के सदस्य नियुक्त



**जयपुर।** विश्व स्वास्थ्य संगठन के सिविल सोसाइटी आयोग द्वारा डॉ. रमेश गांधी को संचार कार्य समूह के सदस्य के रूप में चुना है। यह घोषणा रूडोल्फ डैडी द्वारा जिनेवा स्थित डब्ल्यूएचओ मुख्यालय से जारी एक ईमेल में की गई। सिविल सोसाइटी कमीशन डब्ल्यू.एच.ओ. नेटवर्क का ही एक अंग जिसके प्रबंधन हेतु एक संचालन समिति, एक जनरल मीटिंग और विशेष कार्य समूह शामिल होते हैं। जेनेवा स्थित डब्ल्यू.एच.ओ. मुख्यालय ही इसके सचिवालय के रूप में कार्य करता है और आयोग के सभी कार्यों को सुगमता और सहयोग प्रदान करता है।

### आईडीएफसी फर्स्ट बैंक को पेंशन वितरण की मंजूरी

**जयपुर।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक को भारत सरकार के सेंट्रल पेंशन अकाउंटिंग ऑफिस (सीपीएओ) द्वारा अपनी ओर से पेंशन वितरित करने के लिए अधिकृत किया गया है। अब बैंक केंद्रीय सरकार के पेंशनभोगियों को पेंशन दे सकेगा, जिसमें अखिल भारतीय सेवा अधिकारी, पूर्व सांसद, सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश, पूर्व राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति और सिविल मंत्रालयों व विभागों (रेलवे, डाक, टेलीकॉम और रक्षा को छोड़कर) के अधिकारी शामिल हैं। पेंशनभोगी अब अपनी पेंशन सीधे आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के सेविंग अकाउंट में प्राप्त कर सकेंगे। सीपीएओ (भारत सरकार) और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के बीच तकनीकी रूप से एकीकरण पूरा हो चुका है और अब बैंक पेंशन वितरण के लिए पूरी तरह तैयार है। पेंशनभोगी अपने जीवनसाथी के साथ संयुक्त रूप से आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में सेविंग अकाउंट भी खोल सकते हैं, जिससे मुख्य पेंशनभोगी के निधन के बाद जीवनसाथी को उसी खाते में पारिवारिक पेंशन मिलती रहेगी।

### मलाबार ग्रुप ने उत्तर क्षेत्र के 7 राज्यों की 2,190 छात्राओं को छात्रवृत्ति दी





**जयपुर।** भारतीय कारोबारी समूह और मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स की पैरेंट कंपनी मलाबार ग्रुप ने नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आयोजित एक कार्यक्रम में 2,190 योग्य छात्राओं को छात्रवृत्ति (स्कॉलरशिप) प्रदान कर शिक्षा के माध्यम से युवतियों को सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। लाभार्थियों में सात राज्यों- बिहार, चंडीगढ़, हरियाणा, दिल्ली-एनसीआर, पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के 73 स्कूलों की छात्राएं शामिल हैं। इससे देश के उत्तरी क्षेत्रों में शिक्षा के अवसरों को बढ़ावा दिए जाने की कंपनी की प्रतिबद्धता का पता चलता है। इस कार्यक्रम में इन छात्राओं को कुल एक करोड़ 81 लाख 41 हजार रुपये (1,81,41,000) की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इससे ये छात्राएं बिना किसी आर्थिक दिक्कत के पढ़ाई-लिखाई से जुड़े अपने सपनों को पूरा कर पाएंगी। छात्रवृत्ति वितरण के लिए आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री (कॉर्पोरेट मामलों; और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग) हर्ष मल्होत्रा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति ने सशक्तिकरण और सामाजिक प्रगति के लिए शिक्षा को एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में उपयोग करने में सामूहिक प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

### दिव्यांग बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस अकादमी एवं सपोर्ट फाउंडेशन फॉर ऑटिज्म एंड डेवलपमेंटल डिसेबिलिटी के संयुक्त तत्वावधान में आरपीए स्थित पुलिस ऑडिटोरियम में ऑटिज्म एक एहसास-4 एक भव्य जागरूकता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे निदेशक आरपीए एस सेंगाथिर ने पुलिस को दिव्यांगों के प्रति मानवीय संवेदना रखने के लिए पुलिस प्रशिक्षणार्थियों को निरन्तर ट्रेनिंग दिए जाने के प्रयासों के बारे में बताया। एडीजी एवं डायरेक्टर आरपीए सेंगाथिर ने बताया कि ऑटिज्म अर्थात स्वलीनता विश्व में सर्वाधिक तेजी से बढ़ने वाली विकासात्मक दिव्यांगताओं में से एक बन चुकी है। भारत में इसके लगभग 1.8 करोड़ प्रभावित दिव्यांग है। यह दिन संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा ऑटिज्म प्रभावित व्यक्तियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उनके अधिकारों की रक्षा करने के लिए मनाया जाता है। बुधवार को आरपीए में आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों अबीर, अक्षय, अनिरुद्ध, हितेश, शिवेन, मानव, शागिल एवं ट्रेजर लैंड स्पेशल स्कूल के बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी। इस कार्यक्रम में देश भर से 14 ऑटिज्म अचीवर्स अयोताक्षी, विराज, अद्वितीय भटनागर, आनंद, दीपक, वेंकटेश, आदित्य शाह, विवेक सुब्रमण्यम, विनीता सुब्रह्मण्यम, देवांश चंद्र, आशुतोष पनिकर, बेंजी अक्षय भटनागर एवं प्रणव बक्शी की उपलब्धियों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अतिरिक्त मुख्य सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग कुलदीप रांका, अतिथियों के साथ 300 से अधिक पुलिसकर्मी एवं दिव्यांग बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम समापन दिव्यांग कलाकारों एवं पुलिस बैंड के द्वारा राष्ट्रीय गान के साथ किया गया।

### वार्षिक भंडारा कार्यक्रम आज से



**जयपुर।** रामाश्रम सत्संग के संस्थापक समर्थ गुरु परम संत डॉ. चतुर्भुज सहाय जी द्वारा प्रतिपादित आंतरिक सत्संग का वार्षिक समारोह 4 अप्रैल से 6 अप्रैल तक विद्याधर नगर स्टेडियम में आयोजित होना निश्चित हुआ है। इस अवसर पर सत्संग से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं और सेवाभावी लोग इसे सफल बनाने में जुटे हुए है। श्रीयुत अमित कुमार ने गुरू महाराज की ओर से अवगत कराया कि इन भंडारों के आयोजन से ईश्वर अपने प्रेम और दया का भंडार खोल देता है। यह भंडारा परम पूज्य आलोक कुमार और संजीव कुमार के सानिध्य में आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन में देश ही नहीं विदेश से भी साधक सम्मिलित होंगे। आप सभी का आगमन रामाश्रम सत्संग मथुरा के भंडारा कार्यक्रम को सफल बनायेगा।

### रोजगार मेले में 1200 युवाओं को मिला जॉब लेटर

**जयपुर।** युवा कांग्रेस के विशाल रोजगार मेले में राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में युवाओं का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला, जहां 4000 से अधिक युवाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया और 1200 युवाओं को ऑन-द-स्पॉट जॉब ऑफर लेटर दिए गए। इस मेले में 170 से अधिक नामी कंपनियों ने भाग लिया, जिनमें बैंक, डी मार्ट, रिलायंस, टाटा मोटर्स, इंफोसिस, विप्रो, टेक महिंद्रा, फ्लिपकार्ट आईसीआईसीआई बैंक, अदानी ग्रुप जैसी दिग्गज कंपनियां शामिल थीं। इन कंपनियों ने आईटी, इंजीनियरिंग, हेल्थकेयर, मैनेजमेंट, टेलीकम्युनिकेशन, मार्केटिंग सहित कई क्षेत्रों में युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार प्रदान किए। इस मेले में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब , युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अल्लावरु, राजस्थान युवा कांग्रेस के प्रभारी मनीष चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष अभिनन्यु पूनिया, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुधींद्र मूँड, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष यशवीर सूरा सहित विधायक मुकेश भाकर भी पहुंचे और युवाओं को संबोधित किया।